

# विक्रमोत्सव का आयोजन : कोटि सूर्य की गई उपासना

## सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का हुआ मंचन, उपस्थित लोगों ने सराहा कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक मंचन का जिला स्तरीय कार्यक्रम मानस भवन में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को किया गया। जिसका शुभारंभ मां सरस्वरती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कायक्रम में उपासन मंत्र का उच्चारण स्कूली छात्रों द्वारा किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा ब्रह्मध्वज की पूजन की गई। वहीं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक गायन हुआ।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने सृष्टि के आरंभ दिवस, गुड़ी पड़वा, नववर्ष विक्रम संवत् 2083 के आरंभ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की जीवित रखना हम सभी जिम्मेदारी है। भारतीय संस्कृति की परम्पंरा के प्रति बच्चों को जागृत कर संस्कार प्रदान किये जाएं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा विक्रमोत्सव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर भावी पीढियों के लिए संदेश दिया जा रहा है। महान सम्राट विक्रमादित्य ने ऐसी परंपरा स्थापित की जो आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। विक्रमोत्सव की ख्याति तेजी से बढ़ रही है। उज्जैनी काल गणना का केंद्र रही है। हमारे सभी त्योहार मंगल तिथियों पर आते हैं जो विक्रम संवत पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत भारत का एक प्राचीन और प्रमुख चंद्र-सौर कैलेंडर है, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर (ईस्वी सन) से 57 वर्ष आगे चलता है। इसकी शुरुआत 58 ईसा पूर्व में उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय पाने के बाद की थी। यह हिंदू नव वर्ष (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के साथ शुरू होता है। आयोजित कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन भी किया गया। इसके बाद सभी नाट्य कलाकारों का सम्मान किया। इस दौरान भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तक का विमोचन कर वितरण किया गया। इस मौके पर कलेक्टर साकेत मालवीय, जिप सीईओ राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य, पार्षद शालिनी खैरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर शुरू किया नव संवत्सर

**हनुमान टेकरी पर किया गया आयोजन**

**गीता स्वाध्याय समिति ने किया गीता पाठ**

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** भारतीय नव संवत्सर और गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर नगर में उत्साह का माहौल रहा, विश्व गीता प्रतिष्ठान के तत्वावधान में गीता स्वाध्याय समिति शाढ़ौरा द्वारा श्री हनुमान टेकरी पर एक नवाचार समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सूर्य उपासना और धार्मिक अनुष्ठान किये गये।

गुरुवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हनुमान टेकरी पहुंचे। जहां सूर्य उपासना और श्रीराम संकीर्तन के साथ हुई। नव संवत्सर और विक्रमोत्सव के उपलक्ष्य में उपस्थित नागरिकों ने उगते हुए भगवान भास्कर को श्रद्धापूर्वक अर्घ्य देकर नए वर्ष पर विश्व मंगल की कामना की ओर श्रीमद्धागवत गीता पाठ और पूजन - अर्चन कर इस आध्यात्मिक उत्सव को मनाया गया। वहीं विशेष रूप से श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय (पुरुषोत्तम योग) का सामूहिक वाचन किया गया। इसके उपरांत विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन में भगवान की भव्य आरती की गई, इसकेपश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को नीम और गुड़ का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर श्रद्धालु मौजूद रहे।



## एक नजर में

### जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक में जन औषधि केंद्र 24 घंटे खुलने पर विचार

**अशोकनगर।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की पहली बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय हुआ। चेयरमैन सहित सभी कार्यकारिणी द्वारा कलेक्टर साकेत मालवीय का स्वागत किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में लगातार ब्लड की आपूर्ति के लिए प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर रक्तदान शिविर लगाने तथा जन औषधि केंद्र 24 घंटे खुला रहे ऐसी योजना पर विचार किया गया। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर जय मंडल सिंह यादव, प्रदेश प्रबंध समिति सदस्य डॉ अनुराधा यादव, सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन डॉ भूपेंद्र शेखावत, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि डा हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ दीपक मिश्रा, डॉ राजकुमार शर्मा, सतीश पाराशर, देवेंद्र अग्रवाल, अंकित छाबड़ा, आयुष विभाग से डॉ उपेंद्र रघुवंशी, डॉ दीपक रघुवंशी, डॉ संदीप जैन बैठक में उपस्थित रहे।

### अपहता बालिका को किया दस्तयाब आरोपी को भेजा जेल

**अशोकनगर।** ईसागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक अपहृत हुई नावालिग बालिका को गुजरात से दस्तयाव करने में सफलता प्राप्त की है, तो वहीं आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दरअसल ईसागढ थाने में 13 मार्च को बालिका के परिजनों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला- फुसलाकर भगा ले जाया गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना ईसागढ़ में अपराध क्रमांक 106/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी ईसागढ उप निरीक्षक मीना रघुवंशी को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी ईसागढ़ द्वारा तत्काल टीम गठित की गई। टीम द्वारा सतत प्रयासों के फलस्वरूप तकनीकी संसाधनों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से अपहृत बालिका को गुजरात से सकुशल दस्तयाब किया गया। प्रकरण में बालिका के कथनों के आधार पर धारा 96, 64(2)(एम), 127(3) बीएनएस एवं 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। आरोपी राजकुमार अहिरवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# चंदेरी के बुनकरों के विकास के लिए की नई पहल

## सिंधिया के प्रयास से कलेक्टर और सीएमडी के बीच हुआ एमओयू साइन

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वी उत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुनकरों के विकास के लिए एक और नई पहल करते हुए इस इंडस्ट्री में ईरी सिल्क के उत्पादन का रास्ता खोल दिया है जिसके लिए हैंडलूम पार्क में हुई बैठक के दौरान जिला कलेक्टर साकेत मालवीय एवं नॉर्थ ईस्टर्न हैंडीक्राफ्ट एवं हैंडलूम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएमडी हमाराकोचु के बीच एम ओ यू साइन किया गया। जिसमें चंदेरी के बुनकरों को ईरी सिल्क से संबंधित उत्पादन कार्य से संबंधित प्रमुख बातें बताई गई। बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार कलेक्टर ने उपस्थित बुनकरों को बताया की पदमा डोरी के नाम से नया प्रोडक्ट तैयार कर बाजार में उतारा जाएगा। चंदेरी के बुनकरों को पदमा डोरी के उत्पादनकार्य के लिए जिले में स्थापित जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिसका में अध्यक्ष हूं इसके माध्यम से कार्य संचालित किया जाएगा।



**शीघ्र होगा उत्पादन कार्य प्रारंभ :** पदमा डोरी नाम से चंदेरी में साड़ियां, सूट, दुपट्टे, फैब्रिक स्टॉल एवं अन्य प्रकार का कपड़ा तैयार किए जाने की रूपरेखा प्रस्तुत करने की जानकारी दी गई। उत्पादन कार्य प्रारंभ करने के लिए जल्द ही आगामी बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें बुनकर, मास्टर वीवर्स, स्वयं सहायता समूह आदि संबंधित कार्य में संलग्न शिल्प कला क्षेत्र के लोगों को इससे जोड़ने के लिए एवं उनके सुझाव लेने के लेकर उत्पादन कार्य को गति प्रदान की जाएगी ,जिससे क्षेत्र के सभी बुनकरों को रोजगार प्राप्त होगा।

**संस्था आठ राज्यों स्वदेशी शिल्प को बढ़ावा देती है :** नॉर्थ ईस्टर्न हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड है। यह उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डीओएनईआर) के अधीन एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जिसकी स्थापना 1977 में भारत के आठ उत्तर पूर्वी राज्यों के स्वदेशी शिल्प और हथकरघा को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए की गई थी। यह संस्था स्थानीय कारीगरों को बाजारों से जोड़कर, उनके कौशल को बढ़ाकर वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करके विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। निगम प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों और खुदरा दुकानों (जैसे गुवाहाटी में अष्टलक्ष्मी हाट) के माध्यम से उत्पादों की खरीद, विपणन और प्रचार करता है। संस्था में अरुणाचल प्रदेश,असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा सहित सभी आठ राज्य शामिल हैं।

**आर्थिक विकास की खुलेंगे नए द्वार :** एनईएचएचडीसी के द्वारा पदमा डोरी उत्पादन कार्यक्रम के प्रारंभ करने के पूर्व चंदेरी के बुनकरों में खुशी की लहर देखी जा रही है इसका श्रेय सिर्फ क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को ही जाता है क्योंकि इस विभाग के मंत्री होने के नाते उन्होंने बुनकरों के विकास एवं रोजगार में और अधिक इजाफा हो सके इसका लाभ क्षेत्र के बुनकरों को मिल सके ताकि उनके आर्थिक उत्थान में उन्नति हो इसको ध्यान में रखते हुए यह नया प्रोजेक्ट चंदेरी में स्थापित हुआ है। जिससे आर्थिक विकास के नए द्वार खुलने वाले हैं जिसका लाभ समस्त क्षेत्र वासियों को मिलेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, एसडीम मनीष धनगर, सहायक संचालक जिला हथकरघा कार्यालय एन के गुप्ता बुनकर प्रतिनिधि अरुण सोमानी, अशोक लालमणि, बाहुबली जैन, सोना कोली सुफेर इलाहाबादी, सहित भारी संख्या में बुनकर और अधिकारी गण उपस्थित रहे।



# गुंडागर्दी करने वाले 3 गिरफ्तार पुलिस ने शहर में निकाला जुलूस

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में अब महानगरों की तर्ज पर गुंडागर्दी होने लगी है और लोग ग्रुप बनाकर मारपीट करते हुए गुंडागर्दी करने लगे है। ऐसा ही मामला विगत दिनों देखने को मिला, जहां करीब आधा दर्जन लोगों ने तुलसी सरोवर पार्क के पास बैठे दुर्गा कॉलोनी निवासी दीपक रघुवंशी से रॉयल ग्रुप के 6-7 व्यक्तियों द्वारा पुरानी रंजिश के चलते अश्लील गालियां दी गईं तथा डंडों एवं लोहे की रॉड से मारपीट की गई। साथ ही आरोपियों द्वारा शराब पीने हेतु रुपये की मांग की गई। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा टीमों का गठन कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। तत्पश्चात आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। साथ ही उनका शहर में जुलूस निकाला गया। वहीं गिरफ्तार आरोपियों में राहुल अहिरवार निवासी आंवरी, सचिन जाटव निवासी गर्रोली एवं दिलीप अहिरवार निवासी बरखेड़ी शामिल हैं। पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों द्वारा रॉयल नाम से ग्रुप बनाकर लोगों के साथ गुंडागर्दी एवं मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# नवरात्रि के लिए पुलिस का निर्भया शक्ति दल तैयार

**मंदिरों पर रहेगा तैनात करेगा सुरक्षा प्रदान**

**पुलिस ने की अपील, घटना की तुरंत दें जानकारी**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नवरात्रि त्यौहार के दौरान जिले के समस्त प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संभावित अधिक संख्या को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में व्यापक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ प्रबंधन हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है।

इसी क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्भया पुलिस मोबाइल को विशेष रूप से शक्ति दल के रूप में संचालित किया जाएगा। यह शक्ति दल नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रात:काल से ही सक्रिय रहकर मंदिर परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में सतत भ्रमण करेगा तथा श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं, की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। निर्भया मोबाइल टीम द्वारा मंदिरों के प्रवेश एवं निकास मार्गों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं प्रमुख मार्गों पर निगरानी रखी जाएगी। साथ ही किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार, अव्यवस्था या संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाएगी। आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करने हेतु टीम द्वारा संवाद स्थापित कर आवश्यक जागरूकता भी प्रदान की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील कि वह नव रात्रि पर्व के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल दे।




## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**अशोकनगर।** जिले में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया है। इस अभियान के तहत कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत मोहरीराय में पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन में रैन वाटर हार्वेस्टिंग,तालाब गहरीकरण,गौशाला में पानी की टंकी आदि जल संरक्षण के कार्यो का भूमिपूजन एवं श्रमदान किया। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से जल संरक्षण अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिये जाने का आव्हान किया एवं निजी मकानों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने की अपील आमजन से की। उन्होंने सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए।

# दुष्कर्मी सौतेले पिता सहित मां को 20-20 वर्ष का कारावास

**मामले में न्यायालय ने की तलख टिप्पणी, कहा सरंक्षकों द्वारा किया गया अपराध समाज में चिंता का विषय**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** न्यायालय द्वारा एक दुष्कर्मी पिता को और उसका सहयोग करने वाली मां को 20-20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही तलख टिप्पणी करते हुए कहा कि माता-पिता जैसे संरक्षकों द्वारा नाबालिग बालिका के साथ किया गया यह अपराध अत्यंत जघन्य, अमानवीय, घृणित एवं विरलतम श्रेणी का है, जो समाज के लिए अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है। दरअसल कोर्ट ने यह निर्णय 16 सितंबर 2024 को थाना शाढ़ौरा में एक 11 वर्षीय नाबालिग बालिका द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट और उसके बाद पुलिस द्वारा प्रस्तुत किये गये साक्ष्यों के आधार पर सुनाया है।

**सौतेले पिता के गलत काम के खिलाफ नाबालिग ने दिखवाया साहसः**

दरअसल 11 वर्षीय नाबालिग बालिका ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया था कि जब वह रात्रि मे अपने घर अकेली थी, तो उसी समय उसके सौतेले पिता गलत काम किया। साथ ही घटना के उपरांत आरोपी द्वारा पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने का दबाव बनाया गया। लेकिन पीड़िता द्वारा साहस का परिचय देते हुए अपनी माता को घटना के संबंध में बताया, किन्तु उसकी माता द्वारा भी उसे चुप रहने एवं किसी को जानकारी न देने हेतु दबाव डाला गया। इसके बावजूद पीड़िता ने साहस दिखाते हुए स्वयं शाढ़ौरा थाने पहुंचकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई।

**मामले की पुलिस ने सघनता से की जांच, जुटाए साक्ष्य :** घटना की जानकारी मिलने पर तत्कालीन थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। साथ ही कार्रवाई करते हुए निर्देशित किया गया। जिसके बाद उपनिरीक्षक संध्या रघुवंशी द्वारा पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, साथ ही आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर उसका मेडिकल परीक्षण कराकर डीएनए सैंपल लिए गए। विवेचना के दौरान घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए गए, जिन्हें फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। प्राप्त डीएनए रिपोर्ट आरोपी के विरुद्ध पुष्टिकारक सिद्ध हुई। प्रकरण में पीड़िता के कथन न्यायालय में धारा अनुसार दर्ज कराए गए, जिसमें उसने आरोपी पिता द्वारा किए गए घृणित कृत्य एवं माता द्वारा सहयोग करने की पुष्टि की। जिसके बाद विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के पश्चात विशेष न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध पाया गया। आरोपी पिता को धारा 5(एल), 5(एम)(एन), 5(जे) सहपठित धारा 6 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही धारा 351(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अतिरिक्त 02 वर्ष का कारावास एवं अर्थदंड प्रदान किया गया। वहीं आरोपी माता को धारा 16 एवं 17 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।

## धर्म-कर्म

### दो जुमा अलविदा की नमाज अदा, ईदगाह पर रोजा इफ्तार

# रमजान पर बन रहा 26 साल बाद विशेष संयोग

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/चंदेरी।** चांद की स्थिति के अनुसार इस साल रमजान के महीने में खास संयोग बन गया है, इसमें पांच जुमे पड़े हैं इस वजह से रमजान के आखिरी दिनों में दो जुम्मे को अलविदा जुमे के रूप में नमाज अदा की जा रही है। गुरूवार को रमजान के 29वे रोज़े पर उम्मीद लगाई जा रही थी कि चांद के दीदार होंगे पर चांद का ऐसा संयोग इस वर्ष माहे रमजान में खास संयोग बनता दिखाई दियाख ऐसा मौका आया जब रमजान में दो अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की जाएंगी। हर पांच साल बाद ऐसा ही संयोग बनता है, जब रमजान मुबारक में पांच जुम्मे पड़ते पर ऐसा संयोग 26 साल बाद हो रहा है जब अलविदा जुम्मा की नमाज़ अदा की जाएंगी।



**रोजा इफ्तार का इंतजाम किया गया :** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में सभी लोगों ने चांद देखने की कौशिश की पर चांद नजर नहीं आया, इस मौके पर ईदगाह पर रोजा इफ्तार का इंतजाम किया गया था। जिसमें हजारों रोजदार शामिल हुए और रोज़ा इफ्तार किया चांद भी देखा गया पर कहीं नजर नहीं आया। कल अलविदा के जुमे की नमाज अदा की जाएगी। यह अलविदा का जुमा उन बदनसीब लोगों के लिए खुशी लेकर आया जिनका पिछला अलविदा का जुमा छूट गया था वो लोग बहुत खुश नजर आ रहे हैं। जामा मस्जिद के शाही इमाम हाफिज अब्दुल रशीद साहब ने कहा कि आज़ चांद कहीं नजर नहीं आया इसलिए इंशा अल्लाह कल आखिरी रोजा और इंशाअल्लाह पूरे तीस रोज़े मुकम्मल होंगे और कल अलविदा के जुमे की नमाज अदा की जाएंगी।

# जकात ही रोजे का जेवर गहना, रोजेदार का बुरी बात से बचना भी जका है : मुफ्ती आमिर

नवभारत न्यूज

**पिपरई।** दान से रोजा फल फूलता है,जकात रोजे की ताकत दान है, एक तस्वीह उपमा से इसे यू समझा जा सकता है कि रमजान का महीना रूहानी खेत है, ईमान बीज है, नमाज अंकुर है, रोजा पौधा होर जकात सिंचाई है। रोजेदार हकीकत में रूहानी काश्तकार किसान होता है। जिसको सबाब पुण्य की फसल के लिए अल्लाह ईश्वर मददगार होता है, यह बात जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने 29 वे रोजे का महत्व बताते हुए कही। उन्होंने कहा कि बेशक अल्लाह मदद करता हो और वह रोजेदार पर रहमत करता, वह अपने रोजे की हिफाजत के लिए रोजेदार भी तो हिकमत उपाय करेगा। यह हिकमत या उपाय है रोजे के पौधे को जकात से सींचना। इस्लाम धर्म में जकात का मतलब है अपनी मेहनत एवं अक्ल से की गई कमाई का ढाई फीसदी अल्लाह की राह के मार्ग पर खर्च करना यनी सही जरूरतमंदों की मदद करना और इस मदद के तौल नहीं पीटना। यह जानना भी जरूरी है कि मेहनत और अक्ल से की गई कमाई का मतलब नेक मेहनत ओर नेक नीयत से है। जैसे कोई चोर चोरी की नीयत से चोरी करे या डाकू डाका डालकर या कर्मचारी अधिकारी नेता अनैतिक साधनों से धन प्राप्त करके उसकी जकात निकले तो यह ऐसे भी अनुचित है और वैसे भी रोजेदार अगर ऐसा करे तो यह रोजे की सिंचाई नहीं रोजे की खिंचाई है। नेक कमाई से दी गई जकात ही रोजे का जेवर गहना हे और जीनत भी हर धर्म में जकात दान का महत्व है।



### मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रारंभ

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में गुरुवार को हिंदू नव वर्ष गुड़ी परमा महोत्सव मनाया गया। तो वहीं मंदिर पर गीता सप्तशती का पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें कवच अर्गला कीलक देवी सूक्त रात्रि सूक्त सिद्ध कुंज का स्त्रोत दुर्गा अष्टोत्तर सतनाम स्तोत्र किया जा रहा है जिसमें आज विधिवत पांच उपचार से एक कन्या का पूजन किया गया। पूजन में फल फल मेवा मिठाई एवं चुनरी भेंट स्वरूप में दी गई अन्य कन्याओं का भी सम्मान किया गया। गुड़ी परमा को प्रथम दिन के पाठ में शैलपुत्री के नाम से सम्मानित किया गया, उन्होंने बताया कि मां दुर्गा अपने पहले स्वरूप में शैलपुत्री के नाम से जानी जाती है पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में उत्पन्न हुई थी।